Regarding construction of underpass or overbridge on railway level crossing in Deoria Parliamentary Constituency - laid

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र देवरिया के सदर रेलवे का पूर्वी दाला जिस को पार करके कसया सड़क एवं महुआपाटन सड़क होते हुए बिहार को जोड़ती है। इन दोनों सड़को से हजारों की संख्या में यात्री और वाहन आते है जिनको ढाला पार करके इस शहर में प्रवेश करना होता है। ट्रेन आने की स्थिति मे जब ढाला बन्द रहता है तो बड़ी संख्या में वाहनों की लम्बी कतार दोनों तरफ से लग जाती है जिससे यातायात भी प्रभावित होता है और फिर जाम लगता है और शहर अस्त व्यस्त हो जाता है। अतः रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि उक्त ढ़ाले पर एक अंडरपास या उपर गामी सेतु बनवाने की कृपा करें जिससे यातायात सुगम हो और शहर को जाम से मुक्ति मिले एवं जन भावना का सम्मान हो।